# स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस

## विश्व दृष्टि दिवस का आयोजन (09.10.2025)




आज दिनांक 09 अक्टूबर, 2025 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में माननीय कुलपति प्रो० विनय कुमार पाठक जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में विश्व दृष्टि दिवस (वर्ल्ड साइट डे) मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डा० मुनीश रस्तोगी, आर.के. देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट कानपुर के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा० गौरव दुबे, संस्थान के सहायक निदेशक डा० हिना वैश्य एवं श्री धीरज कुमार, एसो० डीन प्रशासन डा० दिग्विजय शर्मा एवं वरिष्ठ शिक्षिका डा० वर्षा प्रसाद द्वारा किया गया।











इस अवसर पर डा० गौरव दुबे ने अपना विचार व्यक्त करते हुये कहा कि ग्लूकोमा, कैटारेक्ट, रिफ्लेक्टिव एरर, दृष्टि दोष और नेशनल कंट्रोल प्रोग्राम फॉर ब्लाइंडनेस एवं विभिन्न प्रकार नेत्र समस्याओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को नेत्र स्वास्थ्य एवं दृष्टि देखभाल के महत्व एवं विश्व दृष्टि दिवस की थीम ''लव्स योर आईस'' पर नेत्र सम्बन्धी जागरूकता स्थापित करना, शीघ्र जाँच एवं उपचारों के महत्व को रेखांकित करते हुये बताया कि टाले जा सकने वाले अंधेपन को कम करने, गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल का बढ़ावा देने और दृष्टिदोष के बढ़ते मामलों को सम्बोधित करने के लिये आवश्यक प्रयास किये जाने की आवश्यकता है एवं संभावी तकनीकों के साथ जुड़ाव इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इसका उद्देश्य दृष्टि संबंधित मिथकों को दूर करना तथा ऐसी विश्व को बढ़ावा देना जहाँ बच्चे चश्मा या











'अपनी आंखों को समझें बहुमूल्य'

कानपुर : छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में विश्व दृष्टि दिवस कार्यक्रम में नेत्ररोग विशेषज्ञों ने कहा कि अपनी आंखों को बहुमूल्य समझें और उचित रख-रखाव के साथ इसे बीमारियों की चपेट में आने से बचाएं। आयोजन 'लव्स योर आइज' थीम पर किया गया। निदेशक डा. मुनीश रस्तोगी, वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डा. गौरव दुबे ने शुभारंभ किया।

अन्य सुधारात्मक उपकरण पहनने से जुडे सामाजिक कलंक से मुक्त हों।

संस्थान के निदेशक डा० मुनीश रस्तोगी ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि इस दिन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर नेत्र स्वास्थ्य और दृष्टि देखभाल के महत्व को उजागर करना है इसी के साथ डा० दिग्विजय शर्मा ने बताया कि विश्व दृष्टि दिवस अंधेपन को रोकने तथा नेत्र स्वास्थ्य सेवायें सुनिश्चित करने के लिये नवाचार का समर्थन करने का बढ़ावा देता है।

विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगता एवं पी.पी.टी. प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ऑटोमेट्री के विभिन्न छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनको प्रोत्साहन प्रदान करने के लिये संस्थान की ओर से छात्र–छात्राओं को पदक एवं प्रमाण–पत्र भी प्रदान किये गये।

कार्यक्रम का संचालन श्री विश्वदीप मिश्रा ने किया तथा इस अवसर पर श्रीमती नेहा शुक्ला, श्री चन्द्रशेखर कुमार, डा0 आदर्श कुमार श्रीवास्तव, सुश्री आमिना जैदी, श्री उमेश कुमार मौर्या, डा० अल्का कटियार, श्री संतोष कुमार यादव, श्री दयाशंकर रस्तोगी, डा० मोहित कुमार, सुश्री अस्मिता मिश्रा, सुश्री रेशू यादव, श्री शिवम कुमार, श्री अमिल अग्रवाल, सुश्री खुशबू अंजुम, सुश्री अन्नू वर्मा आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

